वि.वि. में विश्व मात्स्यिकी एवं संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, में दिनांक 25.11.2022 को विश्व मात्स्यिकी दिवस मनाया गया तथा “संविधान दिवस” दिनांक 26.11.2022 को “भारत–लोकतंत्र की जननी” विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि कुलसचिव महोदय डॉ. श्रीकांत जोशी रहे।

संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायें प्रश्न मंच, स्लोगन, निबंध एवं भाषण आयोजित की गई। निर्णायक समिति में डॉ. जी. पी. लखानी, डॉ. ए.पी. सिंह डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. अक्षय गर्ग एवं डॉ. प्रीति मिश्रा रहीं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी द्वारा छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता, डॉ. ए.पी. सिंह के कुशल नेतृत्व एवं उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, टीचिंग एसोसिएट – कु. शिवानी पाठक, कु. प्रियंका गौतम, श्री अनिल केवट एवं सत्येन्द्र कटारा तथा समस्त कर्मचारी एवं समस्त छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संविधान के बारे में अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह एवं कुलसचिव महोदय श्रीकांत जोशी ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर